RIICO
GROW WITH RAJASTHAN

missiongyan
LET'S LEARN TOGETHER

ई-पाठशाला कार्यक्रम

Class 12th GEOGRAPHY

विश्व जनसंख्या वितरण, घनत्व और वृद्धि

RAPID REVISION



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

वस्तुनिष्ठ प्रश्न

Q.1 निम्नांकित में से एशिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश कौन-सा है?

A अफगानिस्तान

B बांग्लादेश

C पाकिस्तान

D चीन

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.2 प्रवास का प्रतिकर्ष कारक है—

A बेहतर अवसर

B स्थायित्व

C अनुकूल जलवायु

D बेरोजगारी

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.3 समय के दो अंतरालों के बीच किसी क्षेत्र विशेष में होने वाले जनसंख्या परिवर्तन को क्या कहते हैं?



A जनसंख्या प्रवास

B जनसंख्या घनत्व

C जनसंख्या वृद्धि

D जनसंख्या वितरण

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.4 जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले आर्थिक कारकों का सही युग्म है—



A खनिज–नगरीकरण

B भू-आकृति–औद्योगीकरण

C जलवायु–भू-आकृति

D मृदाएँ–नगरीकरण

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.5 प्रवास का अपकर्ष कारक है—

A राजनीतिक हलचल

B प्राकृतिक आपदाएँ

C महामारियाँ

D काम के बेहतर अवसर

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.6 विश्व की लगभग कितने प्रतिशत जनसंख्या इसके 10 प्रतिशत स्थलभाग पर निवास करती है?

A 40 प्रतिशत

B 60 प्रतिशत

C 75 प्रतिशत

D 90 प्रतिशत

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.7 जनसंख्या घनत्व को सामान्यतः किस इकाई में मापा जाता है?



A व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर

B व्यक्ति प्रति किलोमीटर

C व्यक्ति प्रति घन किलोमीटर

D व्यक्ति प्रति वर्ग मीटर

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.8 जनसंख्या की प्राकृतिक वृद्धि की गणना किस प्रकार की जाती है?



A. जन्म + मृत्यु

B. जन्म – मृत्यु

C. आप्रवास – उत्प्रवास

D. मृत्यु – जन्म

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.9 जनांकिकीय संक्रमण की द्वितीय अवस्था में स्वास्थ्य तथा स्वच्छता संबंधी दशाओं में सुधार के कारण किस दर में कमी आती है?

A जन्म दर

B मृत्यु दर

C आप्रवास दर

D उत्प्रवास दर

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.10 परिवार नियोजन का प्रमुख कार्य क्या है?

A जनसंख्या का स्थानांतरण करना

B मृत्यु दर बढ़ाना

C बच्चों के जन्म को रोकना अथवा उसमें अंतराल रखना

D नगरीकरण को बढ़ावा देना

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए–

Q.1 जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की ..... अवस्था में उच्च प्रजननशीलता तथा उच्च मृत्यु दर होती है।

उत्तर : प्रथम अवस्था



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.2 जब लोग एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाते हैं, तो वह स्थान जहाँ से लोग गमन करते हैं, ... कहलाता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : उद्गम स्थान



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.3 विश्व के दस सर्वाधिक आबाद देशों में से ..... देश एशिया में अवस्थित हैं।



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : छह



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.4 अशोधित मृत्यु दर को प्रति ..... जनसंख्या के पीछे मृतकों की संख्या के रूप में व्यक्त किया जाता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : एक हजार (1000)



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.5 जापान का ..... प्रदेश अनेक उद्योगों की उपस्थिति के कारण सघन बसा हुआ है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : कोबे-ओसाका



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

अतिलघुतरात्मक प्रश्न–

Q.1 जनसंख्या प्रवास क्या है?

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना जनसंख्या प्रवास कहलाता है।



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.2 जनसंख्या घनत्व को परिभाषित कीजिए।



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : किसी क्षेत्र की कुल जनसंख्या और उसके क्षेत्रफल के बीच का अनुपात जनसंख्या घनत्व कहलाता है।

सूत्र : जनसंख्या घनत्व = कुल जनसंख्या ÷ कुल क्षेत्रफल

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.3 स्थिर जनसंख्या से आप क्या समझते हैं?



उत्तर : जिस जनसंख्या में वृद्धि रुक जाती है अथवा बहुत धीमी गति से होती है, उसे स्थिर जनसंख्या कहते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.4 जनसंख्या की वृद्धि दर से क्या आशय है?



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : किसी क्षेत्र की जनसंख्या में निश्चित समय अंतराल के दौरान हुए परिवर्तन को प्रतिशत में व्यक्त करना जनसंख्या की वृद्धि दर कहलाता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.5 आप्रवास और उत्प्रवास में क्या अंतर है?



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर :

- **आप्रवास :** किसी नए स्थान पर आने वाले प्रवासी उस स्थान के लिए आप्रवासी कहलाते हैं।
- **उत्प्रवास :** किसी स्थान से बाहर जाने वाले प्रवासी उस स्थान के लिए उत्प्रवासी कहलाते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

लघुतरात्मक प्रश्न–

Q.1 जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले दो भौतिक कारकों के नाम लिखिए।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले दो प्रमुख भौतिक कारक निम्नलिखित हैं—

1. **जल की उपलब्धता**
   - जल मानव जीवन का सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण कारक है।
   - इसका उपयोग पीने, कृषि, उद्योग एवं नौसंचालन में किया जाता है।
   - इसी कारण नदी-घाटियाँ सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

2. भू-आकृति



- समतल मैदान कृषि, सड़क निर्माण और उद्योगों के लिए अनुकूल होते हैं।
- पर्वतीय क्षेत्रों में परिवहन-तंत्र का विकास कठिन होता है। इसलिए पर्वतीय क्षेत्रों में सामान्यतः विरल जनसंख्या पाई जाती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.2 प्रवास के पीछे लोगों के क्या-क्या उद्देश्य होते हैं?



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : लोग मुख्यतः बेहतर आर्थिक तथा सामाजिक जीवन प्राप्त करने के लिए प्रवास करते हैं। इसके प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं—

1. **रोजगार प्राप्त करना :** काम के बेहतर अवसर प्राप्त करना।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

2. **अच्छा जीवन स्तर :** रहन-सहन की बेहतर दशाओं वाले स्थान पर निवास करना।
3. **शांति एवं स्थायित्व :** राजनीतिक उपद्रव से मुक्त क्षेत्र में रहना।
4. **सुरक्षा :** जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा प्राप्त करना।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

5. **अनुकूल जलवायु :** रहने के लिए सुविधाजनक जलवायु वाले स्थान पर जाना।
6. **प्रतिकूल परिस्थितियों से बचाव :** बेरोजगारी, प्राकृतिक विपदाओं, महामारियों एवं सामाजिक-आर्थिक पिछड़ेपन से बचना।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.3 प्रवास की धाराएँ बताइए।



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : प्रवास की चार प्रमुख धाराएँ निम्नलिखित हैं—



1. **गाँव से गाँव :** एक ग्रामीण क्षेत्र से दूसरे ग्रामीण क्षेत्र की ओर प्रवास।
2. **गाँव से नगर :** ग्रामीण क्षेत्र से नगरीय क्षेत्र की ओर प्रवास।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

3. **नगर से नगर :** एक नगरीय क्षेत्र से दूसरे नगरीय क्षेत्र की ओर प्रवास।
4. **नगर से गाँव :** नगरीय क्षेत्र से ग्रामीण क्षेत्र की ओर प्रवास।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

महत्त्वपूर्ण तथ्य–

- प्रवास स्थायी, अस्थायी अथवा मौसमी हो सकता है।
- इससे उद्गम स्थान की जनसंख्या घटती है तथा गंतव्य स्थान की जनसंख्या बढ़ती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

दीर्घ उत्तरात्मक प्रश्न–

Q.1 जनसंख्या परिवर्तन के घटक कौन-कौन से हैं? समझाइए।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : किसी क्षेत्र की जनसंख्या में निश्चित समय-अंतराल के दौरान होने वाला परिवर्तन जनसंख्या परिवर्तन कहलाता है। इसके तीन प्रमुख घटक जन्म, मृत्यु और प्रवास हैं।

1. जन्म
   - जीवित जन्मों से जनसंख्या में वृद्धि होती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

- अशोधित जन्म दर (CBR) की गणना किसी वर्ष में जीवित जन्मों की संख्या तथा मध्य-वर्ष की अनुमानित जनसंख्या से की जाती है।
- सूत्र — अशोधित जन्म दर = (जीवित जन्मों की संख्या ÷ मध्य-वर्ष की अनुमानित जनसंख्या) × 1000

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

2. मृत्यु



- मृत्यु जनसंख्या में कमी लाती है।
- अशोधित मृत्यु दर (CDR) किसी वर्ष में प्रति हजार जनसंख्या पर मृतकों की संख्या को दर्शाती है।
- मृत्यु दर में कमी आने से भी जनसंख्या वृद्धि हो सकती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

- सूत्र — अशोधित मृत्यु दर = (मृतकों की संख्या ÷ मध्य-वर्ष की अनुमानित जनसंख्या) × 1000

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

3. प्रवास



- प्रवास लोगों का एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना है।
- उद्गम स्थान से लोगों के जाने पर वहाँ की जनसंख्या घटती है।
- गंतव्य स्थान पर प्रवासियों के आगमन से जनसंख्या बढ़ती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

- प्रवास स्थायी, अस्थायी अथवा मौसमी हो सकता है।



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.2 जनसंख्या के वितरण को प्रभावित करने वाले तीन आर्थिक कारकों की व्याख्या कीजिए।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले प्रमुख आर्थिक कारक खनिज, नगरीकरण और औद्योगीकरण हैं।

1. खनिज

- खनिज निक्षेप उद्योगों को आकर्षित करते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- खनन तथा औद्योगिक गतिविधियाँ रोजगार के अवसर उत्पन्न करती हैं।
- कुशल तथा अर्ध-कुशल श्रमिक खनिज क्षेत्रों की ओर प्रवास करते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- परिणामस्वरूप इन क्षेत्रों में सघन जनसंख्या पाई जाती है।
- उदाहरण— अफ्रीका की कटंगा-जांबिया ताँबा पेटी।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

2. नगरीकरण



- नगरों में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होते हैं।
- यहाँ शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन एवं संचार की बेहतर सुविधाएँ मिलती हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- अच्छी नागरिक सुविधाएँ लोगों को नगरों की ओर आकर्षित करती हैं।
- परिणामस्वरूप ग्रामीण क्षेत्रों से नगरीय क्षेत्रों में प्रवास होता है।
- इससे नगरों का आकार और जनसंख्या बढ़ती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

3. औद्योगीकरण



- औद्योगिक पेटियाँ रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करती हैं।
- यहाँ कारखानों के श्रमिकों के अतिरिक्त परिवहन परिचालक, दुकानदार, बैंककर्मी, डॉक्टर एवं अध्यापक भी आकर्षित होते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- औद्योगिक गतिविधियों के कारण इन क्षेत्रों में जनसंख्या का संकेंद्रण बढ़ता है।

उदाहरण— जापान का कोबे-ओसाका प्रदेश।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.3 जनसंख्या वृद्धि के प्राकृतिक, वास्तविक, धनात्मक और ऋणात्मक रूपों को समझाइए।



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : किसी क्षेत्र में निश्चित समय-अंतराल के दौरान जनसंख्या में होने वाले परिवर्तन को जनसंख्या वृद्धि कहते हैं। इसके प्रमुख रुप निम्नलिखित हैं—

1. **प्राकृतिक वृद्धि :**
   - जन्म और मृत्यु के अंतर से होने वाला जनसंख्या परिवर्तन प्राकृतिक वृद्धि कहलाता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

- इसकी गणना में प्रवास को शामिल नहीं किया जाता।
- सूत्र– प्राकृतिक वृद्धि = जन्म – मृत्यु

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

2. वास्तविक वृद्धि :

- जन्म, मृत्यु, आप्रवास तथा उत्प्रवास के संयुक्त प्रभाव से होने वाला जनसंख्या परिवर्तन वास्तविक वृद्धि कहलाता है।
- सूत्र—वास्तविक वृद्धि = जन्म – मृत्यु + आप्रवास – उत्प्रवास

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

3. धनात्मक वृद्धि :

- जब दो समय-अंतरालों के बीच जनसंख्या बढ़ती है, तो इसे धनात्मक वृद्धि कहते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

- यह तब होती है जब जन्म दर मृत्यु दर से अधिक होती है अथवा अन्य देशों से लोग स्थायी रूप से आकर बसते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

4. ऋणात्मक वृद्धि :

- जब दो समय-अंतरालों के बीच जनसंख्या घटती है, तो इसे ऋणात्मक वृद्धि कहते हैं।
- यह तब हो सकती है जब जन्म दर मृत्यु दर से कम हो जाए अथवा लोग अन्य देशों में प्रवास कर जाएँ।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

निबन्धात्मक प्रश्न–

Q.1 विश्व में जनसंख्या के वितरण और घनत्व को प्रभावित करने वाले भौगोलिक, आर्थिक तथा सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों की विस्तार से विवेचना कीजिए।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

उत्तर : जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक निम्नलिखित हैं—

1. **भौगोलिक कारक :**

(i) जल की उपलब्धता

- जल मानव जीवन की मूलभूत आवश्यकता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- इसका उपयोग पीने, कृषि, उद्योग तथा नौसंचालन में होता है।
- पर्याप्त जल वाले क्षेत्रों में लोग बसना पसंद करते हैं।
- इस कारण नदी-घाटियाँ सघन जनसंख्या वाले क्षेत्र हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

(ii) भू-आकृति



- समतल मैदान कृषि एवं सड़क निर्माण के लिए अनुकूल होते हैं।
- ऐसे क्षेत्रों में उद्योगों का विकास भी सुविधाजनक होता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- पर्वतीय और पहाड़ी क्षेत्रों में परिवहन-तंत्र का विकास कठिन होता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

(iii) जलवायु



- अनुकूल जलवायु बसाव को आकर्षित करती है।
- जबकि अत्यधिक गर्म या ठंडी जलवायु बसाव में बाधक होती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- भूमध्यसागरीय प्रदेश सुखद जलवायु के कारण प्राचीन काल से बसे हुए हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

(iv) मृदाएँ



- उपजाऊ मृदाएँ कृषि विकास के लिए महत्त्वपूर्ण हैं।
- दोमट मृदा गहन कृषि का आधार बन सकती है।
- इसलिए उपजाऊ मिट्टी वाले क्षेत्रों में अधिक लोग निवास करते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

2. आर्थिक कारक :



(i) खनिज

- खनिज निक्षेप उद्योगों को आकर्षित करते हैं।
- खनन तथा औद्योगिक गतिविधियाँ रोजगार उत्पन्न करती हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- कुशल एवं अर्ध-कुशल श्रमिक इन क्षेत्रों में पहुँचते हैं।
- परिणामस्वरुप खनिज क्षेत्रों में सघन जनसंख्या विकसित होती है।
- उदाहरण — अफ्रीका की कटंगा - जांबिया ताँबा पेटी।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

(ii) नगरीकरण



- नगरों में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध होते हैं।
- शिक्षा, चिकित्सा, परिवहन एवं संचार की सुविधाएँ लोगों को आकर्षित करती हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- ग्रामीण से नगरीय प्रवास के कारण नगरों की जनसंख्या बढ़ती है।
- अच्छी नागरिक सुविधाएँ भी नगरों के आकर्षण का कारण हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

(iii) औद्योगीकरण



- औद्योगिक पेटियाँ बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराती हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- उद्योग रोजगार व सेवाओं से जुड़े लोगों को आकर्षित करते हैं।
- औद्योगिक क्षेत्रों में जनसंख्या संकेंद्रण बढ़ता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

- उदाहरण — जापान का कोबे-ओसाका प्रदेश।



विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

3. सामाजिक एवं सांस्कृतिक कारक :



(i) धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्त्व

- धार्मिक और सांस्कृतिक महत्त्व वाले स्थान अधिक लोगों को आकर्षित करते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

(ii) सामाजिक एवं राजनीतिक परिस्थितियाँ



सामाजिक और राजनीतिक अशांति वाले क्षेत्रों से लोग दूसरे स्थानों की ओर चले जाते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- इस कारण जनसंख्या का वितरण प्रभावित होता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

(iii) सरकारी नीतियाँ



- सरकारें लोगों को विरल जनसंख्या वाले क्षेत्रों में बसने के लिए प्रोत्साहित कर सकती हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



- कभी-कभी भीड़-भाड़ वाले स्थानों से लोगों को अन्य क्षेत्रों में जाने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

Q.2 जनांकिकीय संक्रमण सिद्धांत की तीन अवस्थाओं की विस्तृत विवेचना कीजिए तथा जनसंख्या नियंत्रण के प्रमुख उपायों को समझाइए।

उत्तर : इस परिवर्तन की तीन प्रमुख अवस्थाएँ हैं—

1. **प्रथम अवस्था :** उच्च प्रजननशीलता एवं उच्च मर्त्यता

प्रमुख विशेषताएँ—

1. उच्च प्रजननशीलता : जन्मों की संख्या अधिक होती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

2. उच्च मर्त्यता : महामारियों और भोजन की अनिश्चित आपूर्ति के कारण मृत्युएँ अधिक होती हैं।
3. धीमी जनसंख्या वृद्धि : उच्च जन्म तथा उच्च मृत्यु के कारण जनसंख्या वृद्धि धीमी होती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

4. कृषि प्रधान जीवन : अधिकांश लोग कृषि कार्य में संलग्न होते हैं।
5. बड़े परिवार : बड़े परिवारों को परिसंपत्ति माना जाता है।
6. निम्न जीवन-प्रत्याशा : लोगों की जीवन-प्रत्याशा कम होती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

7. अशिक्षा : अधिकांश लोग अशिक्षित होते हैं।
8. निम्न प्रौद्योगिकी स्तर : तकनीकी विकास का स्तर निम्न होता है।

विशेष तथ्य – अध्याय के अनुसार लगभग 200 वर्ष पूर्व विश्व के सभी देश इसी अवस्था में थे।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

2. **द्वितीय अवस्था :** घटती मृत्यु दर एवं अधिक जनसंख्या वृद्धि

प्रमुख विशेषताएँ—

1. उच्च प्रजननशीलता : प्रारंभ में प्रजननशीलता उच्च बनी रहती है।
2. प्रजननशीलता में कमी : समय के साथ प्रजननशीलता घटने लगती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

3. मृत्यु दर में गिरावट : स्वास्थ्य सुविधाओं के सुधार से मृत्यु दर घटती है।
4. स्वच्छता में सुधार : स्वच्छता संबंधी परिस्थितियों में सुधार होता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

5. अधिक शुद्ध वृद्धि : प्रजननशीलता और मर्त्यता के अंतर के कारण जनसंख्या में शुद्ध वृद्धि अधिक होती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

3. **तृतीय अथवा अंतिम अवस्था :** निम्न प्रजननशीलता एवं निम्न मर्त्यता

प्रमुख विशेषताएँ—

1. निम्न प्रजननशीलता : प्रजननशीलता काफी घट जाती है।
2. निम्न मर्त्यता : मृत्यु दर भी निम्न स्तर पर होती है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

3. स्थिर जनसंख्या : जनसंख्या स्थिर हो जाती है अथवा मंद गति से बढ़ती है।
4. नगरीकरण : जनसंख्या नगरीय हो जाती है।
5. शिक्षा : लोग शिक्षित हो जाते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

6. तकनीकी ज्ञान : जनसंख्या के पास तकनीकी ज्ञान होता है।
7. परिवार का नियोजित आकार : लोग विचारपूर्वक परिवार के आकार को नियंत्रित करते हैं।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

4. जनसंख्या नियंत्रण के प्रमुख उपाय



i. परिवार नियोजन

- परिवार नियोजन का कार्य बच्चों के जन्म को रोकना अथवा उनमें अंतराल रखना है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि



ii. परिवार नियोजन सुविधाएँ

- परिवार नियोजन सुविधाएँ महिलाओं के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।
- यह जनसंख्या वृद्धि को सीमित करने में सहायता करता है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

iii. प्रचार

- परिवार नियोजन का प्रचार जनसंख्या नियंत्रण में सहायक हो सकता है।

iv. गर्भनिरोधकों की उपलब्धता

- गर्भनिरोधकों की सुगम उपलब्धता जन्म नियंत्रण में सहायक उपाय है।

विश्व जनसंख्या : वितरण, घनत्व और वृद्धि

v. कर-निरुत्साहक उपाय



बड़े परिवारों के लिए कर-निरुत्साहक उपाय जनसंख्या नियंत्रण में सहायक हो सकते हैं।